राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल से शहीद के परिजन मिले

जयपुर, 22 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार को यहां राजभवन में भरतपुर के शहीद स्व. श्री सौरभ कटारा की पत्नी श्रीमती पूनम कुमारी सहित परिजनों ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने परिजनों को ढाढस बंधाया। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि ऐसे वीर सपूतों पर हमें गर्व है। वीर सपूतों की सहादत को सदैव याद रखा जायेगा।

कुलाधिपति से कुलपति की मुलाकात

जयपुर, 22 फरवरी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र से शनिवार को यहां राजभवन में महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलपति श्री आर.के.एस. धाकरे ने मुलाकात की। श्री धाकरे की श्री मिश्र से यह शिष्टाचार भेंट थीं।

राज्यपाल की संवेदना

जयपुर, 22 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री भगवान सहाय कानूनगो के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने दिवगंत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमात्मा से प्रार्थना की है।

राज्यपाल ने हनुमानगढ़ में हुए सड़क हादसे पर दुःख जताया

जयपुर, 22 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने हनुमानगढ़–किशनगढ़ मेगा हाइवे पर सड़क दुर्घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। राज्यपाल श्री मिश्र ने इस हादसे में हुई आकस्मिक मौतों पर दुःख जताया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि सड़क पर वाहन चलाते समय वाहन चालकों को बेहद सावधानी बरतनी चाहिए ताकि ऐसे दर्दनाक सड़क हादसों से बचा जा सके। राज्यपाल श्री मिश्र ने दुर्घटना में सभी मृतकों की आत्म शांति के लिए परमात्मा से प्रार्थना की है और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जस.) राज्यपाल